



# पंचदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-14

बुधवार, दिनांक-14 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.45 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 34 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 05 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1416- जल संसाधन; 1419-आपदा प्रबंधन; 1426-ग्रामीण कार्य; 144-लघु जल संसाधन एवं 1447 भवन निर्माण विभागों को स्थानान्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1440 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 217 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] अन्य चर्चा :-

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सदन को सूचित किया गया कि नालंदा जिला के दखेशपुरा गाँव के किसान श्री नीतीश कुमार द्वारा जैविक खेती द्वारा रिकॉर्ड आलू का उत्पादन किया गया है तथा नमूना के रूप में एक टोकरी आलू माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ वितरण पटल पर रखवा दिया गया है । सदन की सहमति से आसन द्वारा उक्त किसान को बधाई दी गई एवं बधाई संदेश भेजवा देने की घोषणा की गई ।

[3] विशेषाधिकार हनन की सूचना :-

माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह द्वारा विशेषाधिकार हनन की सूचना को पढ़ा गया और सदन की सहमति से आसन द्वारा इसे जाँच एवं प्रतिवेदन देने हेतु विशेषाधिकार समिति को सुपूर्द किया गया ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(iii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(iv) श्रीमती लेशी सिंह
(v) श्रीमती मुन्नी देवी
(vi) श्री राजकुमार राय
(vii) श्री श्याम बिहारी राम
(viii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ix) श्री गजानन्द शाही
(x) श्री कन्हैया कुमार
(xi) श्री कृष्णनंदन यादव
(xii) श्री सबा जफर
(xiii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(xiv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xv) श्री रामदेव महतो

[5] **कार्यस्थगन की सूचना :-**

माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[6] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री मनीष कुमार एवं अन्य सभासदों का पर्यटन विभाग से संबंधित दिनांक 23.02.2012, 28.02.2012 एवं 12.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री रामसेवक सिंह एवं अन्य सभासदों का उर्जा विभाग से संबंधित दिनांक 06.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री कौशल यादव एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 19.03.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iv) माननीय सदस्य श्री चितरंजन कुमार एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि अपनी मांग को लेकर वेल में आकर बैठ गई । आसन से बार-बार उन्हें अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन वे लगातार वेल में बैठी रहीं )

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 5.15 बजे अप० तक ।**

[7] **वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :- खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग :-**

माननीय प्रभारी मंत्री श्री श्याम रजक द्वारा विभाग की अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य डा० अब्दुल गफूर द्वारा राज्य सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण नीति पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा पक्ष रखा गया ।

(माननीय अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री श्याम बिहारी राम
(ii) श्रीमती वीणा देवी
(iii) डा० मो० जावेद
(iv) श्री ललन राम
(v) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vi) श्री परमानन्द ऋषिदेव

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(vii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(viii) श्री रत्नेश सादा
(ix) श्री सुरेश शर्मा
(x) श्रीमती ज्योति देवी
(xi) श्री राणा गंगेश्वर सिंह
(xii) श्री राजेश सिंह
(xiii) श्री प्रमोद कुमार
(xiv) श्रीमती लेशी सिंह

माननीय प्रभारी मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए और अनुदान की मांग के निस्तारण उपरांत पुनः सदन में आ गए ।)

सदन द्वारा माननीय सदस्य डा० अब्दुल गफूर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि वेल में आकर बैठ गईं । आसन द्वारा उनसे बार-बार अपने सीट पर जाने का अनुरोध के बावजूद वे लगातार वेल में बैठी रहीं ।)

[8] **निलम्बन :-**

वेल में बैठी माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि से आसन द्वारा पुनः अपने सीट पर जाने का अनुरोध किया गया, लेकिन माननीय सदस्या वेल में ही बैठी रही ।

तत्पश्चात् माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी के प्रस्ताव, ''बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 63 (3) एवं (4) के अन्तर्गत माननीय सदस्या, श्रीमती ज्योति रश्मि (क्षेत्र संख्या-212, डिहरी) को दिनांक 15.03.2012 से दिनांक 28.03.2012 तक कुल-10 (दस) उपवेशनों के लिये सदन की सेवा से निलंबित किया जाय'' को सदन द्वारा स्वीकृत किया गया ।

सदन की सहमति से आसन द्वारा सदन की अवधि का विस्तार आज के कार्यों के निस्तारण तक किया गया ।

[9] **निवेदन :-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 33 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

[10] **शोक प्रकाश :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्व० शिवनाथ वर्मा, पूर्व मंत्री के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाय ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 15 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-14.03.2012

**लक्ष्मीकान्त झा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।